हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

12 उकलाना में 45 हजार क्विंटल गेहूं पहुंचने के बाद...



12 नारनौंद के खेतों में 132 केवी की नई लाइन से...



## खबर संक्षेप

### 6.41 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम ने 6 ग्राम 410 मिलीग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पटेल नगर निवासी ध्रुव उर्फ गोली के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ प्रभारी एसआई इन्द्र सिंह के अनुसार टीम ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर पटेल निवासी ध्रुव उर्फ गोली को काबू किया। तलाशी लेने पर उससे 6 ग्राम 410 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### श्री नांदेड़ साहिब के लिए 5 को कुरुक्षेत्र से जाएगी ट्रेन

**हिसार।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए श्री नांदेड़ साहिब (महाराष्ट्र) की पवित्र यात्रा बारे एक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन 5 मई को कुरुक्षेत्र से रवाना होगी, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को श्री नांदेड़ साहिब की यात्रा का निशुल्क लाभ प्रदान किया जाएगा। यह यात्रा पूरी तरह से निःशुल्क होगी, जिसमें यात्रियों को आवागमन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि इच्छुक पात्र नागरिक 15 अप्रैल तक इस योजना के तहत अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में आगामी 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली मामले, पेंशन मामले, हाउस टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के लंबित विवादों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 23 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने आजाद नगर, मिनी सैकेट्रेट, सातरोड कैंट, सेक्टर 27-28, सेक्टर 1-4 और रामनगर के आस-पास क्षेत्र से 23 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 5 के चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई रोहित व एएसआई राहुल पंवार ने सूर्य नगर व टिब्बा दानाशेर क्षेत्र में कचरा सेग्रीगेशन न करने पर पांच व्यक्तियों के चालान किए। इसके अलावा एएसआई राहुल पंवार ने पुरानी सब्जी मण्डी क्षेत्र में कचरा सेग्रीगेशन न करने पर एक दुकानदार का चालान किया। वहीं एएसआई सन्नी ने डाबड़ा चौक पर एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा डालने पर पांच हजार का चालान किया।

## शिकायत निपटान में सुस्ती पर उपायुक्त ने लगाई फटकार

# समाधान शिविरों में शिकायतों का अंबार: पेंडेंसी 6% से बढ़कर 8% डीसी बोले- सुधार न हुआ तो प्रदेश में टॉप कर रिकॉर्ड बनाएगा हिसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय में हर सोमवार व गुरुवार को लगने वाले समाधान शिविर में शिकायतों की पेंडेंसी तेजी से बढ़ रही है। हिसार जिला की शिकायतों की पेंडेंसी का आंकड़ा 6 फीसद से बढ़कर 8 फीसद पर पहुंच गया है। यही हालात रहे और कोई सुधार नहीं हुआ तो पेंडेंसी के मामले में प्रदेश में टॉप कर जाएंगे। यह बेहद चिंताजनक बात डीसी महेंद्र पाल ने सोमवार को समाधान शिविर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।

डीसी ने शिकायतों की लगातार पेंडेंसी पर नाराजगी जताई। डीसी ने सख्त निर्देश दिए कि गुरुवार को समाधान शिविर में अपने जिला स्तर के अधिकारी को लेकर आए, ताकि पेंडेंसी पर गहराई से चर्चा की जा सके। इससे पूर्व डीसी महेंद्र पाल ने अधिकारियों को बताया कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की पेंडेंसी में लगातार वृद्धि हो रही है, जोकि बेहद चिंताजनक है। पहले पेंडेंसी 6 फीसद थी, जोकि अब 8 फीसद पर पहुंच चुकी है। अगर आप 10 फीसद पर पहुंच गए तो प्रदेश में पेंडेंसी के मामले में टॉप कर जाएंगे। जोकि अच्छे हालात को पेश नहीं करेगा। इसलिए बड़ी मेहरबानी होगी, सीनियर अफसर उसको देखें और गुरुवार को समाधान शिविर होगा, उसमें जिला स्तर के सीनियर अफसर वे खुद आएं। डीसी ने निर्देश दिए कि जिला का अधिकारी आए और अपनी पेंडेंसी को भी साथ लेकर आएं, ताकि डिस्कशन हो सके कि क्या इश्यू है और पेंडेंसी ज्यादा होने की वजह क्या है और पेंडेंसी किस लेवल पर अटकी हुई है। अपने ऑफिसर को साथ लेकर आएं, यहीं आपके लिए थी ठीक रहेगा।

### पानी का गलत बिल देने पर जांच रिपोर्ट तलब

इससे पूर्व गांव मात्रश्याम निवासी ओमप्रकाश ने जाखोद खेड़ा, दुर्जनपुर, असरांवा से न्योली कलां के सड़क मार्ग निर्माण एवं इस मार्ग पर बाधा उत्पन्न करने वाले पेड़ों की पर समस्या पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने संबधित विभागों के अधिकारियों को मामले की जांच कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। गांव पातन निवासी सुबे सिंह ने पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा जारी किए गए पानी के गलत बिल संबंधी शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शास्त्री नगर निवासी रोहतास ने दादी गौरी मंदिर के पास से मृत पशुओं को हटाने एवं गंदे पानी की निकासी की समस्या उठाई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





### हांसी में एसडीएम-सीटीएम ने सुनीं समस्याएं

**हांसी।** जिला सचिवालय में सोमवार को एसडीएम राजेश खोथ व सीटीएम हिमांशु चौहान की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम व सीटीएम ने लोगों की शिकायतों को सुना और अधिकारियों को जनहित से जुड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए तथा शहर में कहीं पर भी पाइपलाइन में लीकेज नहीं होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। एसडीएम ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में जलघरों, पेयजल आपूर्ति पाइप लाइनों तथा अन्य संबंधित संसाधनों की नियमित जांच की जाए और जहां कहीं भी लीकेज या तकनीकी खामी हो, तो उसे तुरंत ठीक किया जाए। उन्होंने पोस्ट ऑफिस रोड से अनाज मंडी रोड तक पेयजल पाइपलाइन में आई लीकेज को तुरंत प्रभाव से ठीक करने के निर्देश भी दिए

## जमीन के लिए रिश्तों का कत्ल, छानबीन में जुटी पुलिस

# मसूदपुर में छोटे ने सिर में डंडा मारकर की बड़े भाई की हत्या

■ दोनों भाइयों में प्लॉट बेचने को लेकर हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सदर थाना क्षेत्र के गांव मसूदपुर में एक अधेड़ व्यक्ति के सिर में डंडा मारकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान 57 वर्षीय शमशेर सिंह के रूप में हुई है। हत्या का आरोप उसके छोटे भाई सूरजमल पर लगा है। पुलिस ने घटनास्थल से वारदात को अंजाम देने में प्रयोग किया गया लकड़ी का डंडा घटनास्थल से बरामद किया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शमशेर सहित तीन भाई हैं जिनमें सबसे बड़े भाई राजेंद्र की पहले मौत हो चुकी है और उसके बच्चे अलग रह रहे हैं जबकि शमशेर अविवाहित था। आरोपी सूरजमल विवाहित हैं और उसके तीन बच्चे हैं। मृतक शमशेर ने कुछ समय पहले अपनी सारी जमीन छोटे भाई सूरजमल के नाम करवा दी थी जिसे सूरजमल पिछले एक साल में बेच चुका था और अब वह जिस घर में शमशेर रह रहा था उसे भी बेचना चाहता था। इसी बात पर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हो गई। सूरजमल ने तैश में आ कर वहां पड़े एक डंडे से शमशेर के सिर, मुंह व गले पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शमशेर को चारपाई पर मृत पड़ा देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर डीएसपी रविंद्र सांगवान, सदर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करने के लिए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित किए जाने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने मृतक शमशेर के भतीजे मनदीप के बयान पर आरोपी सूरजमल के खिलाफ मामला हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करवाया। जानकारी के अनुसार शमशेर अविवाहित था और उसका अपने छोटे भाई सूरजमल के साथ एक प्लॉट को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। पुलिस प्लॉट विवाद सहित अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। वारदात के बाद से आरोपी सूरजमल फरार है।



**हांसी।** घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्रित करती फोरेंसिक टीम।

### आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें गठित

डीएसपी रविंद्र सांगवान ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच प्लाट को लेकर विवाद बताया जा रह है। उसी विवाद को लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया लगता है। उन्होंने बताया कि वारदात की असली वजह का पता आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चल पाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी सूरजमल की गिरफ्तारी के लिए सदर थाना, दोनों सीआईए की टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हनीट्रैप में फंसाकर गाड़ी छीनने पर दो दोषियों को 10-10 साल कैद

■ अदालत ने दोषियों पर लगाया 50-50 हजार जुर्माना, वर्ष 2021 के मामले में सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हनीट्रैप में फंसाकर एक व्यक्ति से गाड़ी छीनने के मामले में अदालत ने सोमवार को दो दोषियों को 10-10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर 50-50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने जींद के मनीष व गुरमीत को शनिवार को दोषी करार दिया था जबकि इस मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया था।

अदालत में चले मामले के अनुसार शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में पांच जुलाई 2021 को पीड़ित के बयान पर एक युवती समेत 5-6 अन्य के खिलाफ अपहरण, फिरौती, लूटपाट और षड्यंत्र रचने का मामला दर्ज किया था। पुलिस को दी गई शिकायत में शहर के रहने वाले व्यक्ति ने बताया था कि उसका आटो मार्केट में दफ्तर है। एक युवती के साथ इंटरनेट पर चैटिंग होती थी। पांच जुलाई को युवती ने फोन कर कहा कि वह नागरिक अस्पताल के मोड पर है। उसके बाद उसे लेने के लिए चला गया। युवती ने गाड़ी में बैठने के बाद एक होटल में जाने की बात कहीं। वहां पर दोनों के बीच संबंध बने। बीस मिनट के बाद युवती ने कहा कि उसे कहीं जाना है।

ऐसे में गाड़ी में बैठकर बरवाला चुंगी की तरफ आने लगे। रास्ते में युवती ने कहा कि उसे उल्टी आ रही है और गाड़ी रूकवा ली। इसी दौरान दो गाड़ी उसकी गाड़ी के पीछे आकर रूकी जिस पर टैक्सी नंबर की प्लेट लगी हुई थी। चार युवक उसकी गाड़ी में आकर बैठ गए, फिर एक युवक ने मेरा पर्स निकाल लिया, उसमें पांच हजार रुपये थे। फिर मुझे बरवाला और सुरेवाला चौक की तरफ ले गए।

युवकों ने कहा कि परिजनों के पास फोन करके 30 लाख रुपये मंगवाओं नहीं तो जान से मारकर नहर में फेंक देंगे। उनके कहने पर घर पर फोन किया और युवकों को कहा कि पांच-छह लाख रुपये का इंतजाम हो पाया है। रुपये मेरे दफ्तर पर चलने के बाद मिलेंगे। फिर चारों युवक शहर की तरफ गाड़ी लेकर चल पड़े। रास्ते में दो युवक बरवाला चुंगी के पास उतर गए और दो युवक दफ्तर में आए। वहां पर मेरा बेटा और उसके दोस्त बैठे हुए थे। अपहरण करने वाले युवक ने रुपये मांगे तो उसने देने से इंकार कर दिया। इसी दौरान दोनों युवक मेरी गाड़ी लेकर फरार हो गए थे। इसी मामले में अदालत ने दोनों दोषियों को यह सजा सुनाई है।

### फर्जी आर्मी ऑफिसर से सेना की वर्दी बरामद

■ खुद को मेजर बताकर शादी के नाम पर ठगी करने का मामला

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने वैवाहिक साइट के माध्यम से खुद को सेना का मेजर बताकर हजारों की ठगी करने वाले आरोपी से रिमांड के दौरान सेना की वर्दी बरामद की है। पुलिस ने उसे गिरफ्तारी के बाद अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी की पहचान जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के मेहरराज उद दिन हजाम के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने शादी डॉट काम पर निशांत सहारन के नाम से एक फर्जी प्रोफाइल बनाई थी। उसने खुद को सेना का अधिकारी बताकर हिसार निवासी एक युवती को अपने झांसे में लिया और विश्वास जीतकर करीब 30 हजारकी ठगी की वारदात को अंजाम दिया। रिमांड के दौरान आरोपी ने मोहाली-चंडीगढ़ स्थित अपने किराये के फ्लैट की निशानदेही करवाई। तलाशी के दौरान फ्लैट से वह नकली आर्मी वर्दी बरामद की गई है, जिसे पहनकर आरोपी वीडियो कॉल या फोटो के जरिए खुद को मेजर साबित करता था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी अभी एक दिन के पुलिस रिमांड पर है। पुलिस टीम उससे गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने इस फर्जी प्रोफाइल और वर्दी के दम पर अन्य कितनी महिलाओं या लोगों को अपना शिकार बनाया है।

# बिना पूर्व सूचना खनन बंद करने से क्रेशर मालिकों में रोष

■ खनन शुरू करवाने के लिए 8 को सीएम से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तोशाम-खानक पहाड़ में बिना किसी पूर्व सूचना के एचएसआईआईडीसी कंपनी द्वारा अचानक खनन कार्य बंद किए जाने से क्रेशर मालिकों में रोष है। खनन कार्य की शुरुआत करवाने तथा अन्य मांगों को लेकर खानक के क्रेशर मालिक सिंचाई और महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के माध्यम से 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात करेंगे। यह निर्णय खानक में आयोजित क्रेशर मालिकों बैठक में लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में क्रेशर मालिकों ने एकजुट होकर एचएसआईआईडीसी के इस निर्णय का विरोध किया। क्रेशर एसोसिएशन खानक-डाडम के प्रधान भीष्म मेहता और क्रेशर मालिकों ने बताया कि एचएसआईआईडीसी कंपनी ने 2 अप्रैल की शाम को पहाड़ से माल को जल्दी-जल्दी उठाने के के लिए क्रेशर मालिकों को कहा और 3 अप्रैल को ही सभी के पास मैसेज करके पहाड़ से गाड़ियां निकालने के आदेश दे दिए जबकि इस संबंध में कोई भी जानकारी या कारण नहीं बताया गया। यह पूरी तरह गलत आदेश थे। आए दिन पहाड़ में अलग-अलग कारणों को लेकर खनन कार्य बाधित होता रहता है। बैठक में राजेश मेहता, मन्नू मेहता, अवध श्योराण, रमेश श्योराण, पूर्व सरपंच अमर सिंह, बनवारी लाल, जय सिंह सिंधु, राजीव चुघ, जयपाल पन्नू, विकास गोयल, मुकेश बजाज, अशोक पूनिया, नरेश जैन, सुनील महला, विजय, वीरेंद्र डांगी आदि मौजूद थे।



**हिसार।** क्रेशर एसोसिएशन खानक-डाडम के सदस्य बैठक करते हुए।

### 150 इकाइयां प्रभावित

खानक-डाडम में करीबन 150 क्रेशर इकाइयां हैं, जो लगातार खनन कार्य न होने की वजह से बुरी तरह प्रभावित होती है। अचानक कार्य रोके जाने से क्रेशर बाजार में क्रेशर, रोड़ी-बजरी के दाम बढ़ गए हैं। इस वजह से आम ग्राहक दूसरे बाजारों को ढूंढने लगता है। हर महीने क्रेशर मालिकों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली से लेकर मजदूर और कर्मचारियों को वेतन देने के अलावा क्रेशर इकाइयों पर और बहुत से खर्च होते हैं जिस कारण क्रेशर मालिक आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं।

## अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी स्पर्धा संपन्न

# सीडीएलयू सिरसा को हरा सीआरएसयू जींद बनी विजेता

एशिया कबड्डी फैडरेशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी रहे समापन समारोह के मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में हुई अखिल भारतीय अन्तर्विश्वविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हो गई। महिला वर्ग में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की टीम चैंपियन बनी। विजेता टीम ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की टीम को 26-19 से हराया। तीसरे स्थान पर गुजवि की टीम के साथ मारवाड़ी विश्वविद्यालय राजकोट की टीम रही। समापन समारोह के मुख्यातिथि एशिया कबड्डी फैडरेशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी रहे। अध्यक्षता मेजबान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने की।



**हिसार।** विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते मुख्य अतिथि गुलाब सिंह सैनी एवं कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। *फोटो : हरिभूमि*

### कबड्डी खेल मिट्टी की सुगंध : सैनी

मुख्य अतिथि गुलाब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सर्कल कबड्डी केवल एक खेल नहीं बल्कि हमारी मिट्टी की सुगंध है। यह खेल जीवन का आइना है। जहां हमे खुद से ही चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और खुद ही निर्णय लेने पड़ते हैं। साथ ही यह खेल टीम वर्क का भी एक श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर कबड्डी का भविष्य उज्ज्वल है। दुनिया के 50 देशों में कबड्डी खेली जा रही है। गुलाब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों से कहा कि उन्हें आने वाले समय में और अधिक बेहतर अवसर मिलेंगे। इसके लिए फैडरेशन ने खास योजना तैयार की है। प्रतिष्ठित कनाड़ा लीग में अब हरियाणा के खिलाड़ियों को सीधे एन्ट्री मिल रही है। शीघ्र ही भारत में भी सर्कल कबड्डी लीग आरंभ किए जाने की योजना है। इससे खिलाड़ियों को और अधिक बेहतर अवसर मिलेंगे।

### कबड्डी में प्रदेश का विश्व स्तर पर नाम: बिश्नोई

कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि यह खेल आयोजन ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का उत्सव रहा। इस खेल आयोजन में मैदान पर साहस, खेल भावना और रणनीति का जीवंत प्रदर्शन हुआ। कबड्डी हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इस खेल में हरियाणा की विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा है। विश्वविद्यालय के खेल विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धन्यवाद संबोधन खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा ने प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि द्वारा विजेता टीमों को मैडल तथा ट्रॉफी दी गई तथा खेल समाप्ति की औपचारिक घोषणा की गई।

# सिटी फुटबॉल लीग शुरू, तीन आयु वर्गों में 8 टीमें ले रहीं भाग



**हिसार।** हरियाणा यंग क्लब एवं एकेडमी ऑफ ऑल स्पोर्ट्स सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सिटी फुटबॉल लीग का शुभारंभ किया गया है। इस लीग में 8 टीमें विभिन्न-विभिन्न आयु ग्रुप जैसे अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 में भाग ले रही हैं। इन सभी टीमों के खिलाड़ी हिसार जिले से हैं। कोच नवीन कड़वासरा ने बताया कि लीग का शुभारंभ छाजूराम जाट कॉलेज में प्राचार्य सुरेन्द्र बाजिया ने किया। उन्होंने बताया कि लीग के सभी मैच शनिवार एवं रविवार को होंगे। सभी मैचों में बेस्ट प्लेयर को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा लीग का बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोल कीपर व बेस्ट स्कोरर को पुरस्कृत किया जाएगा।लीग के प्रवक्ता प्रवीण राजोरिया ने बताया कि हिसार जिले में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर ऐसी लीग का आयोजन करते रहते हैं, जिसमें खिलाडि़यों की प्रतिभा सामने आती है। लीग शुभारंभ कार्यक्रम में फुटबॉल कोच मदन सिंह राठोड़, डॉ. राकेश शर्मा, परिक्षित श्योकंद, सुरेश, परमवीर, सतीश, विक्रम श्योराण, संजीव, तमन, लाकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
7 अप्रैल 2026



विशेष
विश्व स्वास्थ्य दिवस

महिलाएं परिवार की देखभाल में ऐसी खो जाती हैं कि स्वयं पर उनका ध्यान जाता ही नहीं। ऐसी स्थिति में उनका स्वास्थ्य गिरता जाता है, वे बीमार हो जाती हैं। परिवार के सदस्यों की देखभाल के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। इसीलिए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है-टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस। हम प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपना कर स्वयं और पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं।

## अपनों को संभालते हुए स्त्रियां खुद को भी संभालें

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

सेहत को जीवन का सबसे बड़ा धन कहा गया है। अच्छे स्वास्थ्य से ही क्वालिटी ऑफ लाइफ को आंका जाता है। हेल्थ प्रॉब्लम्स की दस्तक ही जीवन को हर फ्रंट पर मुश्किल बना देती हैं। यूं तो हर इंसान का ही मेंटली, इमोशनली और फिजिकली फिट रहना आवश्यक है, पर महिलाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ और भावनात्मक मोर्चे पर मजबूत होना और भी जरूरी है। उनके हिस्से अपनों की देखभाल का जिम्मा भी होता है। स्त्रियों को घर के बच्चों-बुजुर्गों की केयर से जुड़ी भाग-दौड़ करनी होती है। महिलाओं को ही शारीरिक परेशानी या मानसिक उलझनों से जूझते हुए अपनों की हर जरूरत का ख्याल रखना होता है। बावजूद इसके स्त्रियां अपने ही स्वास्थ्य को दोयम दर्जे पर रखती हैं, जबकि उन्हें अपनों को संभालते हुए खुद को भी संभालना चाहिए।



### साइंटिफिक अप्रोच अपनाएं

महिलाएं अपनों को लेकर बहुत भावुक होती हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे-युवा, सबकी केयर में खुद की अनदेखी करती रहती हैं। व्यस्तता की स्थिति में महिलाओं की हेल्थ बिगड़ती है। ऐसे में महिलाएं स्वास्थ्य के मामले में इमोशन फीलिंग्स की बजाय साइंटिफिक अप्रोच को अपनाएं। यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि हर इंसान का शरीर एक बायोलॉजिकल मशीन ही है। महिला-पुरुष के फर्क से परे इसे हर हाल में देखभाल की जरूरत होती है। गौरतलब है कि इस साल वर्ल्ड हेल्थ-डे की थीम भी 'टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' ही है। यह विषय स्वास्थ्य से संबंधित चीजों को साइंटिफिक सोच के साथ समझने का आह्वान करता है। इसीलिए सेहत संभालने के लिए घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ ही, हेल्थ से जुड़े फैक्ट्स और साइंस आधारित गाइडलाइंस को भी फॉलो करें। प्रैक्टिकली देखा जाए तो इस वर्ष की थीम, भावनाओं में बहने के बजाय वैज्ञानिक समझ से जोड़कर अपनों और अपनी देखभाल की संतुलित समझ रखने की बात लिए है। परिवार में किसी के बीमार होने पर डॉक्टर्स भी तो यही कहते हैं कि मरीज की देख-भाल के साथ-साथ महिलाएं खुद की सेहत का भी ध्यान रखें। महिलाओं को ठीक रहना, सब कुछ ठीक से संभालने की पहली शर्त है।



### संतुलित लाइफस्टाइल चुनें

घर-परिवार के कामों की व्यस्तता के बीच कई महिलाएं कठिन व्रत, उपवास करती हैं तो कई सुबह-सुबह की भागदौड़ में नाश्ता तक नहीं कर पातीं। बहुत-सी कामकाजी महिलाएं घर और वर्कप्लेस, दोनों की जिम्मेदारियां साधती हैं। लेकिन उन्हें अपनी संभाल की सुध नहीं रहती। आज भी महिलाएं त्योहारों, बच्चों के एग्जाम्स, अपनों की हारी-बीमारी और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में खुद को पूरी तरह भुला देती हैं। ध्यान रहे, समय गुजर जाता है लेकिन आपका शरीर, मन-मस्तिष्क हर तरह की अनदेखी को याद रखता है। यह आम-सी अनदेखी बड़ी बीमारियों की जड़ बन जाती है। आज के समय में सही समय पर भोजन न करना, बड़ी उम्र की महिलाओं में ही नहीं, युवतियों में भी डाइजेशन और एसिडिटी की तकलीफ का बड़ा कारण है। साथ ही घर-दफ्तर की भाग-दौड़ में स्त्रियां एक्सरसाइज के लिए भी समय नहीं निकाल पातीं। हाउसवाइव्स तो घर के काम को ही कसरत समझती हैं। जबकि कुछ वक्त निकालकर योग, कसरत, ध्यान और प्राणायाम करना हेल्थ सही रखने के लिए बेहद जरूरी है। देखने में आता है कि आराम करने, ताजा भोजन करने और फिजिकल एक्टिविटी करने के लिए घर के दूसरे सदस्यों को प्रोत्साहित करने वाली स्त्रियां खुद इन आम सी बातों को भी नहीं अपनातीं। जबकि आज की जटिल जीवनशैली में तो बैलेंस्ड लाइफस्टाइल अपनाना सभी के लिए आवश्यक हो चला है।



### भावनात्मक सेहत की संभाल

स्त्रीमन को अपराधबोध भी बहुत जल्दी घेरता है। अपनों की देखभाल में जरा-सी चूक होना उन्हें गिल्ट के घेरे में ले आता है। ऐसी मनःस्थिति हार्मोनल चेंज की बड़ी वजह बनती है। कई घरों में उनकी संभाल-देखभाल की भागीदारी के लिए सराहना के दो शब्द तक नहीं कहे जाते। जिसके चलते वे उपेक्षित और कमतर महसूस करती हैं। अपनों का यह बर्ताव भी मनोभावों पर नेगेटिव असर डालता है। मन की हेल्थ पर दुष्प्रभाव डालने वाली ऐसी बातें बहुत से साइंटिफिक रिसर्च में भी सामने आ चुकी हैं। इतना ही नहीं, थका-उलझा सा मन शरीर को भी बीमार बना देता है। हर पल की चिंता दिल की सेहत भी बिगाड़ती है। हर दिन अपनी जिम्मेदारियां निभाने की भाग-दौड़ से महिलाएं अच्छी नींद भी नहीं ले पातीं। इससे ना सिर्फ तनाव और अवसाद बढ़ता है बल्कि नींद की कमी तो हेल्थ के हर पहलू को प्रभावित करती है। कई महिलाओं को रिश्तों की उलझनें, डिलीवरी में देखभाल की कमी और परिजनों के नेगेटिव कमेंट्स भी गहरा मेंटल ट्रॉमा देते हैं। ऐसे में वे इमोशनल विदड्रॉल का शिकार हो जाती हैं। भावनात्मक अलगाव की इस मनोस्थिति में स्त्रियां अपने इमोशंस को शेयर करना छोड़ देती हैं। इससे उन्हें अकेलापन और डिप्रेशन घेर लेते हैं। इसीलिए महिलाओं का अपनी इमोशनल सेहत की केयर करना भी जरूरी है। इसलिए प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपनाएं और स्वस्थ रहें। ❁

## मन का सुकून छीनती मास्किंग

सोशल स्टेटस मेंटेन करने का दबाव लोगों को ऐसी इमेज के साथ जीने के लिए बाध्य करने लगता है, जो वे वास्तव में होते ही नहीं हैं। इस तरह फेक इमेज यानी मास्किंग के साथ जीने से मन-जीवन का सुकून खोने लगता है।

लाइफस्टाइल
चैतन्या



हाल के वर्षों में वर्चुअल वर्ल्ड में ही नहीं, असली दुनिया में भी अपनी एक अलग सी छवि पेश करने का दबाव देखने को मिल रहा है। बहुत सी महिलाएं इमेज मेकिंग के इस फेर में एक मुखौटा पहने रहती हैं। इस बनावटी छवि के कारण तनाव भी झेलती हैं। सोशल कैमॉफ्लाजिंग की यह आदत आगे चलकर खुद को ही धोखा देने की स्थितियां बना देती है। इसी को मास्किंग कहा जाता है।

**मास्किंग के दुष्प्रभाव:** असल में औरों के मुताबिक ढल जाने की इस कोशिश में यह समझना आवश्यक कि मास्किंग से स्ट्रेस, डिप्रेशन और दूसरों से अपनी तुलना करने की नेगेटिव सोच जड़ें जमा लेती है। जो हर तरह से आपके व्यक्तित्व को नुकसान पहुंचाती है। मन का सुकून छीनती है। हर उम्र की महिलाओं को समझना चाहिए कि दूसरों को छलने वाली मास्किंग असल में अपने आपके साथ भी फरेब करने वाला व्यवहार बन जाता है।



**सहज इमोशंस की अनदेखी:** मास्किंग, कहीं ना कहीं अपनी सहज भावनाओं को दबा देने वाला बर्ताव है। वही कहना जो कोई सुनना चाहे। वैसा ही व्यवहार करना, जो दूसरों के मन भाए। उसी तरह से रहना-जीना, जो दूसरों को अच्छा लगे। यह सब सोशल कैमॉफ्लाजिंग का ही हिस्सा है। इसी के चलते सामाजिक दबाव के कारण बनने वाली यह मास्किंग की आदत वास्तविक व्यक्तित्व ही भुला देती है। सेल्फ अवेयरनेस के बिना खुद का अस्तित्व अधूरा सा हो जाता है। दूसरों की स्वीकार्यता पाने की सोच अपने सहज व्यवहार से दूर कर देती है। सच्चे इमोशंस को जताने की हिम्मत छीन लेती है। समझना जरूरी है कि सहज भावनाओं को छिपाने के पीछे डर का एक अनदेखा सा घेरा होता है। बावजूद इसके कई महिलाएं मास्किंग के आवरण को चुनती हैं। खुद को परफेक्ट दिखाने के लिए पहना जा रहा यह मुखौटा सबसे अधिक भावनात्मक मोर्चे पर ही चोट करता है।

**नकली इमेज का घेरा:** दूसरों की खुशी देने के लिए नकली इमेज के फेर में पड़ना सचमुच एक गलत च्वाइस है। अपने हों या पराए, उनकी नजर में स्वीकार्यता पाने के लिए जानबूझकर डेवलप की गई मास्किंग क्षमता, असल में आपको अक्षम बना देती है। इसीलिए सोशलाइजेशन का जो दायरा आपके मन पर दिखावटी-बनावटी बने रहने का दबाव बनाता हो, उससे दूरी ही भली है। सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह से बदल जाना अपने व्यक्तिगत भावों की अनदेखी ही तो है। जो सीधे-सीधे आपकी अवास्तविक छवि बनाने वाला बर्ताव है। यह नकली इमेज मन को थकाने वाली होती है। मस्तिष्क को असहज रखती है। कुछ खोने की एंगजाइटी हर समय घेरे रहती है। कोई गलती पकड़े जाने की चिंता सताती रहती है। दिल और दिमाग बेवजह अलर्ट मोड में रहने लगते हैं। जिसके खामियाजे आपको हर पहलू पर झेलने पड़ते हैं। आवश्यक है कि इस फेक इमेज के घेरे में आने की सोच से भी दूर रहा जाए।

**हेल्थ पर दुष्प्रभाव:** जब आप असली विचार या भावनाएं साझा करना छोड़ देती हैं तो दिलो-दिमाग पर गहरा असर पड़ता है। इसीलिए सामाजिक आयोजन हों, पारिवारिक मेल-मिलाप या कामकाजी संसार की जिम्मेदारियां। हर जगह, हर मामले में अपने विचार और रिएक्शंस देने की आदत रखनी चाहिए। आखिर कोई कितनी देर औरों के मुताबिक रह सकता है? खुद को अपने ही असली व्यक्तित्व से अलग प्रस्तुत करना बहुत असुविधाजनक होता है। देखने में आता है कि बहुत सी महिलाएं लंबे समय तक मास्किंग करने से बर्नआउट का भी शिकार हो जाती हैं। जिससे बेवजह की थकान, स्ट्रेस, डिप्रेशन और घबराहट का सामना करती हैं। दूसरों की स्वीकार्यता और प्रशंसा के फेर में अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटीज से दूर हो जाती है। आम जीवन में सब कुछ औरों के मुताबिक ना तो किया जा सकता है और ना ही यह करना सही है। यह स्थिति शारीरिक और मानसिक सेहत को बहुत नुकसान पहुंचाती है। इसीलिए मास्किंग छोड़िए और मन का सुकून चुनिए। ❁

अपने बच्चों के सामने पैसे की कमी का रोना सही नहीं है। इससे वे मनी एंग्जायटी का शिकार हो सकते हैं। कहीं आप भी तो अंजाने में ऐसा नहीं करतीं, इससे कैसे बचें, जानिए।

## अपने बच्चों को न बनाएं मनी एंग्जायटी का शिकार



बच्चे और आप
शिखर चंद जैन

बारह वर्षीय संजना ने अपने पड़ोस में रहने वाले नौ वर्षीय रितेश से पूछा, 'मैंने ऑनलाइन ऑर्डर देकर बहुत अच्छे कलर्स और आर्ट-क्राफ्ट का बॉक्स मंगवाया है केवल 250 में। तेरे लिए भी मंगवा दूं?' इस पर रितेश ने उदास होकर कहा, 'नहीं दीदी, अभी हम लोगों की फाइनेंसियल कंडीशन ठीक नहीं है।' संजना घर जाकर अपनी मम्मी से यह बात बताई। उसकी मम्मी अनुष्का और रितेश की मम्मी देविका अच्छी फ्रेंड हैं। अनुष्का उसी समय देविका के घर गई। उसने पूछा, 'देविका तुम्हारे हस्बैंड जॉब तो कर रहे हैं ना? किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं? किसी प्रकार की फाइनेंसियल हेल्प चाहिए तो बोल देना।' यह सुनकर देविका को हैरानी हुई। उसने कहा, 'अरे नहीं, ऐसी कोई दिक्कत की बात नहीं है, पर तुम ऐसा क्यों पूछ रही हो?' इस पर अनुष्का ने संजना और रितेश के बीच हुई बातचीत के बारे में उसे बताया। देविका समझ गई कि रितेश ने ऐसा क्यों कहा होगा।



वह मन ही मन शर्मिंदा हुई। लेकिन बात संभालते बोली, 'अरे बच्चा है, उसमें इतनी समझ कहां?'

असल में देविका और उसके पति ने अनजाने में रितेश को मनी एंग्जायटी का शिकार बना दिया था। कहीं आप भी तो नहीं करती ऐसी गलतियां, जो देविका और उसके पति ने की?

**बच्चे के सामने ना करें पैसे को लेकर झगड़ा:** कुछ पति-पत्नी बच्चों के सामने ही एक-दूसरे को फिजूलखर्च, कमाई में ठीक से ध्यान ना देना और बचत पर ध्यान ना देने जैसे आरोप लगाते हुए झगड़ते हैं। मम्मी-पापा के बीच पैसों को लेकर ऐसी खींचतान और बहस से बच्चा घबरा जाता है। उसे लगता है कि मम्मी-पापा के पास पैसे नहीं है, इसीलिए उनका झगड़ा होता है। अगर आपको ऐसे इश्यूज पर डिस्कशन करना ही है तो बच्चे के सामने कभी न करें।

**पैसे की कमी की चिंता:** माना कि तरह-तरह की फाइनेंसियल इमरजेंसी पर विचार-विमर्श करना, उनके बारे में चिंता रखना और अपनी वित्तीय स्थिति का आकलन करना जरूरी है। लेकिन इसका भी एक तरीका होता है। जब आप बच्चों के सामने ऐसा कुछ कहते हैं कि 'भगवान ना करें कल को बीमारी आ जाए या नौकरी चली जाए तो हम तो दाने-दाने को मोहताज हो जाएंगे।' तो बच्चे का सहम जाना स्वाभाविक ही है। ये बातें पॉजिटिव तरीके से या बच्चे की अनुपस्थिति में भी डिस्कस की जा सकती हैं।

**आचरण-बातचीत में अंतर:** कई बार माता-पिता अपने बच्चों की किसी भी डिमांड पर हाथ की तंगी, रोजगार में गड़बड़ी आदि की बातें कह देते हैं। बच्चा मन मसोसकर रह जाता है। लेकिन जब बच्चा देखता है कि उसके खिलौने या गैजेट की बात को नकारने के अगले ही दिन घर में कोई महंगा उपकरण आया है। पापा या मम्मी के लिए स्मार्ट फोन आया है, गहनों की खरीद हुई है। तो बच्चा यह देखकर अपनी उपेक्षा समझ कर उदास हो जाता है। पैरेंट्स को अपने आचरण और बातचीत में ऐसा अंतर हरगिज नहीं करना चाहिए। ❁

मेकअप
सरिता गुप्ता

## सेटिंग स्प्रे से आपका मेकअप रहेगा लॉन्ग लास्टिंग

मेकअप करने के बाद उसे लंबे समय तक टिकाने के लिए मेकअप स्प्रे का उपयोग किया जाता है। इसे आमतौर पर सेटिंग स्प्रे कहा जाता है। यह मेकअप को अच्छी तरह सेट कर देता है, जिससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और चेहरा लंबे समय तक अट्रैक्टिव दिखाई देता है। आजकल अधिकतर महिलाएं मेकअप के बाद इस स्प्रे का इस्तेमाल करती हैं। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

**कैसे करें अप्लाई:** मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करना बहुत आसान है। सबसे पहले अपना पूरा मेकअप कर लें जैसे फाउंडेशन, कॉम्पैक्ट पावडर, ब्लश, आई मेकअप और लिपस्टिक। जब मेकअप पूरी तरह हो जाए, तब अंत में मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करें। स्प्रे लगाने से पहले बोतल को हल्का-सा हिला लें ताकि उसमें मौजूद सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं। इसके बाद स्प्रे को चेहरे से लगभग 8 से 10 इंच की दूरी पर रखें और हल्के-हल्के पूरे चेहरे पर स्प्रे करें। स्प्रे करते समय आंखें बंद रखें। स्प्रे लगाने के बाद चेहरे को हाथ से न छुएं और उसे अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप अच्छे से सेट हो जाता है और चेहरा ज्यादा स्मूद और नेचुरल दिखाई देता है।





**किसे करना चाहिए स्प्रे का यूज:** मेकअप स्प्रे का उपयोग सभी महिलाएं कर सकती हैं, लेकिन कुछ महिलाओं के लिए यह ज्यादा फायदेमंद होता है। जिन महिलाओं को लंबे समय तक मेकअप रखना पड़ता है, जैसे ऑफिस, पार्टी या शादी-समारोह में जाना होता है, उनके लिए मेकअप स्प्रे बहुत उपयोगी होता है। इसके अलावा जिनकी स्किन ऑयली होती है और जिनका मेकअप जल्दी फैल जाता है, वे भी मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मियों के मौसम में भी मेकअप जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए इस मौसम में मेकअप स्प्रे काफी मदद करता है। ब्राइडल मेकअप या हैवी मेकअप करने वाली महिलाओं के लिए भी यह बहुत अच्छा विकल्प है।

**मेकअप स्प्रे के फायदे:** यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है।

- इससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और बार-बार टच-अप करने की जरूरत भी कम पड़ती है।
- सेटिंग स्प्रे आपके चेहरे को फ्रेश और ग्लोइंग लुक देता है।
- कई बार पावडर या फाउंडेशन लगाने के बाद चेहरा थोड़ा पावडरी दिखाई देता है, लेकिन मेकअप स्प्रे लगाने से यह समस्या कम हो जाती है और मेकअप ज्यादा नेचुरल लगता है।
- यह पसीने और नमी के कारण मेकअप को फैलने से भी बचाता है। कुछ मेकअप स्प्रे, स्किन को हल्की नमी भी देते हैं, जिससे चेहरा सूखा नहीं लगता।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि मेकअप स्प्रे मेकअप को लंबे समय तक टिकाने और चेहरे को फ्रेश बनाए रखने में बहुत मदद करता है। अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप पूरे दिन सुंदर और साफ दिखाई दे, तो मेकअप के बाद मेकअप स्प्रे का उपयोग जरूर करें। ❁

**(मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

डॉ. ज्योति गुप्ता
सीनियर आईवीएफ कंसल्टेंट
मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गुरुग्राम

वर्कआउट करना फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन कुछ महिलाएं फिट रहने के लिए हार्ड वर्कआउट रूटीन फॉलो करती हैं। इससे फर्टिलिटी पर बुरा असर पड़ सकता है। इस बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है।

## क्या ओवर वर्कआउट से फर्टिलिटी होती है प्रभावित



आजकल फिटनेस के बारे में लोगों में काफी जागरूकता बढ़ गई है। खासकर यंग पुरुषों और महिलाओं के बीच फिटनेस का चलन तेजी से बढ़ रहा है। फिट रहने और वेट कंट्रोल के लिए नियमित व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। लेकिन कुछ महिलाएं वजन जल्दी कम करने के लिए या स्लिम दिखने के लिए जरूरत से ज्यादा व्यायाम करती हैं।

**ज्यादा एक्सरसाइज है हार्मफुल:** महिलाओं को यह समझना जरूरी है कि अगर व्यायाम बहुत ज्यादा किया जाए या बहुत कम खाना खाया जाए, तो शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे आगे चलकर प्रजनन क्षमता यानी गर्भधारण करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए महिलाओं को अपने शरीर के अनुसार डाइट और व्यायाम करना चाहिए और इसके लिए विशेषज्ञ की सलाह लेना काफी जरूरी है।



**फर्टिलिटी पर पड़ता है असर:** कुछ महिलाएं जल्दी वजन कम करने के लिए क्रैश डाइट, फैड डाइट, लिक्विड डाइट, इंटरमिटेंट फास्टिंग या कीटो डाइट जैसी डाइट अपनाती हैं। जब बहुत कम कैलोरी वाली डाइट के साथ बहुत ज्यादा व्यायाम किया जाता है, तो शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। इससे प्रजनन से जुड़े हार्मोन और ओव्यूलेशन यानी अंडाणु बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जब शरीर पर बहुत ज्यादा शारीरिक दबाव पड़ता है, तो इसका असर हार्मोन, मासिक धर्म, ओव्यूलेशन और गर्भधारण की क्षमता पर पड़ सकता है।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** जो महिलाएं बहुत ज्यादा या कठोर वर्कआउट करती हैं, उन्हें गर्भधारण करने में परेशानी हो सकती है। हालांकि हर महिला को ऐसी समस्या नहीं होती। फिर भी किसी तरह की सख्त डाइट या फिटनेस रुटीन अपनाने से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है, ताकि यह समझा जा सके कि आपके शरीर के लिए क्या सही है।

**फर्टिलिटी को ऐसे रखें हेल्दी:** महिलाओं को फिट रहने के लिए मध्यम स्तर का व्यायाम करना चाहिए, जैसे वॉक करना, योग करना या हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करना। पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स लेना भी बहुत जरूरी है। अगर किसी महिला के पीरियड्स अनियमित हो जाएं तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। जो महिलाएं गर्भधारण की योजना बना रही हैं, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर ही अपना फिटनेस रुटीन और वजन नियंत्रित करना चाहिए। डॉक्टर उन्हें यह बता सकते हैं कि उनके लिए कितना व्यायाम सुरक्षित है। इससे उनकी प्रजनन क्षमता भी सुरक्षित बनी रह सकती है। ❁

**प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### महिला कॉलेज में ब्यूटी एंड वेलनेस कार्यशाला

**हिसार।** राजकीय महिला कॉलेज के सरस्वती गर्ल्स हॉस्टल में ब्यूटी एंड वेलनेस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन ब्लेस ब्यूटी पार्लर, हिसार से आईं ब्यूटी विशेषज्ञ स्नेह लता ने किया। उन्होंने त्वचा देखभाल, बालों की देखभाल तथा बुनियादी मेकअप तकनीकों के बारे में उपयोगी जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने व्यावहारिक सुझाव भी दिए तथा सौंदर्य एवं स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्राकृतिक एवं किफायती उपायों पर विशेष बल दिया। सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने इस पहल की सराहना की।

### मुख्य सिपाही एएसआई पद पर पदोन्नत

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में जिला पुलिस में कार्यरत सहायक प्रवाचक मुख्य सिपाही जगदीप तथा थाना बास में तैनात मुख्य सिपाही सोमवीर को मुख्य सिपाही से सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। और उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दोनों कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पदोन्नति उनकी कड़ी मेहनत, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के प्रवाचक उप निरीक्षक शिवकुमार उपस्थित थे।

### युवा कांग्रेस ने एसडीएम के नाम सौपा ज्ञापन

**बरवाला।** युवा कांग्रेस द्वारा किसानों से जुड़े काले कानूनों के विरोध में एसडीएम के नाम ज्ञापन सौपा गया। यह ज्ञापन युवा कांग्रेस हलका प्रधान सुनील बेरवाल के नेतृत्व में सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों के हितों की मुख्य मांगों बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन नियम को समाप्त व सरल बनाने, गेहूं की फसल पर कम से कम दौ सौ रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने, तीन अधिकृत प्रतिनिधियों व गवाहों की शर्त को समाप्त किए जाने आदि को प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर पंचायती राज संगठन प्रदेश संयोजक एडवोकेट राजेश श्योकंद, सतपाल धारीवाल व सुरेश पंघाल आदि मौजूद रहे।

### चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**हिसार।** पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती पर ताऊ देवीलाल पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जेजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा जनकल्याण के लिए यज्ञ और अमन चैन की मंगल कामना की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल बालकिया, राजेंद्र लितानी, मास्टर ताराचंद, कैप्टन छज्जू राम, राजमल काजल, पंकज मेहता, डॉ. अजीत, अनिल शर्मा, विजेंद्र धानक, विपिन गोयल, राजेश झाझड़िया, सत्यवान कुहाड़, सत्यवान बिचपड़ी, गुलाब सिंह खेदड़, सजन लावट, डॉ राजकुमार दिनोदिया, राजेंद्र चुटानी, भरत सिंह बेनीवाल, सिद्धार्थ गोदारा, तरुण गोयल आदि उपस्थित थे।

### जनगणना में व्यवस्थित तरीके से लगाएं ड्यूटी

**हिसार** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से जनगणना कार्य में व्यवस्थित तरीके से शिक्षकों की ड्यूटी लगाने की मांग उठाई है। अध्यापक संघ के राज्य ऑडिटर पवन कुमार, राज्य उपप्रधान अलका, जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा व जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि प्रदेश में एक अप्रैल से स्कूलों में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए नामांकन कार्य जारी है और इसके साथ ही जनगणना कार्य के लिए ट्रेनिंग शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार विद्यालय के सभी शिक्षकों को तीन दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऐसे में नामांकन के दौरान विद्यालय का बंद रहना चिंता का विषय है।

## एसपी सिद्धांत जैन ने किया सिविल लाइन व ट्रैफिक थाना का औचक निरीक्षण

# शिकंजा: मॉडिफाइड साइलेंसरों को जब्त कर बुलडोजर से नष्ट करेगी पुलिस : एसपी

**एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, ड्यूटी व्यवस्था का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सिद्धात जैन। फोटो : हरिभूमि

**खास बातें**

- बुलेट बाइक चालकों के खिलाफ लगातार चालान अभियान चलाया जाएगा
- ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से हिसार क्षेत्र की विभिन्न पुलिस इकाइयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने थाना सिविल लाइन का क्रमवार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत थाना सिविल लाइन से की गई, जहां थाना प्रभारी उप निरीक्षक करमजीत मौजूद रहे। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित मामलों, शिकायतों के निस्तारण तथा दस्तावेजों के रखरखाव की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अभिलेख अपडेट व सुव्यवस्थित होने चाहिए तथा प्रत्येक मामले में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, ड्यूटी व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मालखाना प्रबंधन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेखों के संधारण, यातायात प्रबंधन व्यवस्था तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों के सख्ती से पालन कराने, आमजन को जागरूक करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि बुलेट बाइक चालकों के खिलाफ लगातार चालान अभियान चलाया जाएगा। विशेष रूप से तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे अवैध साइलेंसरों को जब्त कर बुलडोजर से नष्ट किया जाएगा, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके।

### साइबर अपराध से बचाव के लिए करेंगे जागरूक

हिसार। साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा स्कूल के बच्चों को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को लेकर लगातार जागरूक किया जाएगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि कोई भी नागरिक साइबर ठगी का शिकार न हो। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने थाना साइबर सेल को जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान आमजन को बताया जाएगा कि किस प्रकार फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक लिंक और ऑनलाइन ठगी के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को निशाना बना रहे हैं। आमजन को यह भी समझाया जाएगा कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें।

### स्वस्थ पुलिसकर्मी ही कर सकता है बेहतर सेवा : सिद्धांत जैन

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा है कि नियमित परेड और शारीरिक अभ्यास न केवल पुलिस कर्मियों को फिट रखता है, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और मानसिक सतर्कता में भी वृद्धि करता है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ पुलिसकर्मी ही समाज की बेहतर सेवा कर सकता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन सोमवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करने उपरांत जवानों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने न केवल जवानों के टर्न-आउट और अनुशासन का जायजा लिया, बल्कि पुलिस कल्याण और सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कर्मियों के उच्च स्तर के अनुशासन, टीम वर्क और कार्य निष्पादन की सराहना की और कहा कि जवानों को जनसेवा के पुलिस अधीक्षक निरीक्षण के दौरान विभाग के ईआरवी और राइडर्स की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरा लगाना अनिवार्य है। जनता के साथ बातचीत और किसी भी घटनाक्रम के दौरान कैमरा चालू रहना चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे और साक्ष्य सुरक्षित रहें। निरीक्षण के दौरान एसपी सिद्धांत जैन अचानक पुलिस आवासीय कॉलोनी के मुख्य द्वार (मेन गेट) पर रुके। वहां तैनात संतरियों और गेट ड्यूटी कर्मियों को चेक किया और निर्देश देते हुए कहा कि आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जाए, रजिस्टर में प्रविष्टियां सही ढंग से दर्ज हों, महिला थाना परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए।उन्होंने आवासीय कॉलोनी का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं का भी जायजा लिया।

### क्यूआर कोड से हो रही साइबर ठगी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बढ़ते साइबर अपराधों, विशेषकर क्यूआर कोड के माध्यम से हो रही ठगी को लेकर आमजन के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लेन-देन के बढ़ते प्रचलन के साथ ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं, जिनमें क्यूआर कोड स्कैम तेजी से बढ़ रहा है। एसपी विनोद कुमार ने स्पष्ट किया कि क्यूआर कोड का उपयोग केवल पैसे भेजने के लिए होता है, न कि पैसे प्राप्त करने के लिए। ठग लोगों को कोड स्कैन करने से पैसे खाते में आ जाएंगे का लालच देकर धोखा देते हैं, जबकि वास्तविकता में स्कैन करते ही उसके खाते से रुपए कट जाते हैं।

# आशा वर्कर्स का डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन

- मांगों को लेकर डीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स।

अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आशा वर्कर्स ने सोमवार को डीसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन डीडीपीओ नरेंद्र कुमार को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान सीमा ने की और संचालन जिला सचिव अनीता ने किया। आशाओं को संबोधित करने के लिए सीटू जिला प्रधान सुरेश कुमार, मनोज कुमार ने कहा कि आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा लंबे समय से स्वास्थ्य मंत्री से समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता की मांग कर रही है परंतु स्वास्थ्य मंत्री ने मंत्री बनने के बाद आज तक समाधान नहीं हुआ। आशा वर्कर यूनियन की जिला वरिष्ठ उप प्रधान सीमा, प्रधान सीमा धीरणवास, सचिव अनीता व कैशियर दर्शना ने आरोप लगाया कि विभागीय समस्याओं को निपटाने के लिए भी स्वास्थ्य मंत्री के पास समय नहीं है या हम कह सकते हैं कि सरकार समस्याओं का समाधान नहीं करना चाहती है और आशा वर्कर्स को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है।

### मांगे नहीं मानी तो 9 मई को होगा प्रदर्शन

आशा वर्कर्स यूनियन ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने वार्ता करके उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो 9 मई को स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र अटेली मंडी में आशा वर्कर्स विरोध प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर पूनम, सोनू, कृष्णा, मीरा, बबली, उर्मिला आदि मौजूद थीं।



हिसार। सत्संग में प्रवचन श्रवण करते श्रद्धालु।

### अहंकार और घमंड दोनों ही नकारात्मक भावनाएं: स्वामी सत्यानन्द

हिसार। अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्त्वावधान में स्थानीय गोयंका सेवा सदन देवी भवन के प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के सातवें दिन मां भगवती जी के जयकारों में श्रद्धालुओं ने सत्संग को सुना। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने सत्संग में अहंकार और घमंड के विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि दोनों ही नकारात्मक भावनाएं हैं, जब व्यक्ति को खुद में केवल गुण और दूसरों में केवल दोष दिखें, तो यह अहंकार की निशानी है। इस अवसर पर राकेश गर्ग, रामकुमार रावलवासिया, इंद्र चंद राठी, रोशन लाल बड़ोपलिया, मुरारी लाल जिंदल, किरोड़ीमल गोयल, हनुमान दास राठी, अशोक कुमार सब्जी मंडी, सत्यनारायण हांसी, जतिन फिरोजाबाद, विजय कुमार डोबी वाले, पतराम, रविंद्र मित्तल, प्रवीण बंसल आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने राखीगढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण किया

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय के इतिहास विभाग एवं रक्षा अध्ययन के तत्वाधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ॰ महेन्द्र सिंह, प्राध्यापिका डॉ॰ सुरूचि शर्मा व सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार तथा रक्षा अध्ययन विभाग से डॉ. रविन्द्र कुमार व डॉ. विक्रम सिंह के नेतृत्व में ऐतिहासिक व विरासत स्थल राखीगढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण किया तथा ज्ञान अर्जित करने के लिए राखीगढ़ी के 6500 वर्ष पूर्व रह रहे वासियों से रूबरू हुए। भ्रमण में मुख्य उत्तरदायित्व इतिहास परिषद् के पदाधिकारियों ने सुमित के नेतृत्व में दायित्व बखूबी निभाया। इस टीम में अर्थशास्त्र विभाग से रितु चहल व मैनेजमेंट विभाग से प्राध्यापिका भावना मित्तल भी शामिल रही।

### शिवालिक स्कूल में पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

**हिसार।** बड़वाली ढाणी स्थित 37 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व छात्र एवं पूर्व शिक्षक मिलन समारोह का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1989 से लेकर 2020 तक 170 पूर्व छात्र-छात्राओं का भव्य अभिनंदन किया गया। खास बात यह है कि इनमें से 100 से ज्यादा छात्र-छात्राएं देश के अलग-अलग राज्यों में सरकारी पदों पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम के हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधुराम जाखड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक एवं शिक्षाविद् दलबीर सिंह पंघाल, प्रीति सैनी, गीता देवी, प्रो. ओमेन्द्र सांगवान, सुशीला, ज्ञानसिंह व आत्मप्रकाश मेहरा आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

उकलाना। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 47वां स्थापना दिवस ध्वज लहराकर उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पूर्व मंत्री अनूप धानक, रामपाल नैन, पूनम मेहता, इंद्र सिंह ओला, आनंद जैन, राममिलन शर्मा, संदीप गोयल, विनोद कुमार, रोशनी देवी, राजेश सिंहमार, सुरेंद्र गोयल, उषा अनेजा आदि रहे।

### विद्यालय में हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**हिसार।** तलवंडी राणा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलवंडी राणा में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अवसर पर सोमवार को भव्य यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या बबीता शर्मा ने की। विद्यालय के प्राध्यापक सुभाष आर्य, प्राध्यापक सुरेश कुमार शर्मा एवं पवन शास्त्री के मार्गदर्शन में प्राध्यापिका वीना आर्या और विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियां देते हुए नशे से दूर रहने, झूठ, चोरी और अभद्र भाषा से बचने, अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने तथा गुरुजनों, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करने की शपथ ली।

### नि:शुल्क सिलाई एवं ब्यूटी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**बरवाला।** यूथ वीरांगना संस्था के तत्वावधान में बरवाला ब्लॉक की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से वार्ड नं.16, बसाऊ मार्केट में नि:शुल्क सिलाई एवं ब्यूटी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला और उसकी धर्मपत्नी अलका सरदाना द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस कार्य में नरेश असीजा ,सीमा मेहरा, प्रीति महता, अनीता सोनी, नीना सिंगला, नीलम नापा, रजनी, सीमा गर्ग, प्रियंका आदि रहे।

### नशा मुक्ति जन जागरूकता टीम पहुंची हांसी

**हांसी।** चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द हरियाणा राज्य भारत स्काउट एंड गाइडस जिला भिवानी की प्रदेश स्तरीय नशा मुक्ति जन जागरूकता टीम ने सोमवार को हांसी पहुंचकर उपायुक्त राहुल नरवाल व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से मिलकर नशा मुक्ति अभियान की जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तरीय जन जागरूकता नशा मुक्ति हरियाणा रैली को 17 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा नशा मुक्त प्रदेश का संदेश पत्र पर हस्ताक्षर कर विमोचन एवं जन जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। प्रदेश स्तरीय नॉनस्टॉप हरियाणा स्वच्छ हरियाणा स्वस्थ हरियाणा नशा मुक्ति हरियाणा शिक्षित हरियाणा विकसित हरियाणा की मुहिम की अध्यक्षता कर रहे ग्रुप के ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह व ग्रुप कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण कुमार के मार्गदर्शन में निकाली जा रही है। यहां सीनियर रोवर विवेक, विनय, राहुल, बैंड मास्टर विजय, अहिरवार, भारत माहिर, रिंकू, देवेश, हर्षित आदि रहे।

### रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में हुई 'गुरु दक्षता' कार्यशाला

**हिसार।** खारा खेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में सीबीएसई के तत्वाधान में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहद दो दिवसीय कार्यशाला का किया गया जिसका विषय 'गुरु दक्षता' (इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम) रहा। इस कार्यशाला में सैनिक स्कूल एवं रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल के शिक्षकगण ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में ई-5 स्कूल गढ़ी हांसी की प्राचार्या डॉ. सपना रानी एवं श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल सिवानी के प्राचार्य सुनील शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ प्रथम दिवस सामूहिक रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा एवं प्राचार्य जानूप्रिया कथूरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कूड़ा करकट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए हांसी में जल्द लागू की जाएगी नई व्यवस्था

- मुख्य बाजारों से दिन में दो बार उठवाया जाएगा कूड़ा : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। शहर में सड़कों की सफाई करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि हांसी शहर में कूड़ा करकट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी व व्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा जल्द ही नई व्यवस्था लागू की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत शहर के मुख्य बाजारों से सुबह और शाम दो बार नियमित रूप से कूड़ा करकट का उठान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि इस नई प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए नगर परिषद के अधिकारी जल्द ही विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे, ताकि उनके सुझावों को शामिल करते हुए एक व्यवहारिक और प्रभावी कार्य योजना तैयार की जा सके। इसके साथ ही दुकानदारों से अपील की जाएगी कि वे अपनी दुकानों के आगे डस्टबिन रखें, ताकि कूड़ा इधर-उधर फैलने से रोका जा सके और शहर की स्वच्छता बनी रहे।

# स्थापना दिवस पर भाजपाइयों ने फहराया पार्टी ध्वज

- कार्यकर्ताओं की मेहनत से सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी भाजपा : डॉ. आशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ और अन्य पदाधिकारी।

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पार्टी संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण करके उनके संघर्ष को याद करते हुए नमन किया। मुख्य कार्यक्रम जिला कार्यालय में हुआ, जहां जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने पार्टी का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत भाजपा न केवल भारत की बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। 47वें स्थापना दिवस पर हमें समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी ध्वज को फहराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अवसर हम सभी के लिए राष्ट्रसेवा, संगठन के प्रति निष्ठा और जनकल्याण के संकल्प को और मजबूत करने वाला है। इस अवसर पर मेयर प्रवीन पोपली, कृष्ण सरसाना, संजीव रेवड़ी, अनिल सैनी, कृष्ण खटाना, अशोक मित्तल, सुरेन्द्र सैनी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, मार्केट कमेटी चेयरमैन रविंदर रोकी, अजय गावड़, विनोद तोशावर, धर्मवीर पानू आदि रहे।

### डॉ. कमल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को सेवा का संदेश दिया

हिसार। भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को हिसार विधानसभा स्तर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में पार्टी का 46वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। डॉ. गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, शक्ति रोकी, दीपक अग्रवाल सतीश सुरलिया, सुरेंद्र सिंह सैनी, कृष्ण बिश्नोई आदि मौजूद थे।

## लापरवाही होने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें संबधित अधिकारी

# फसल खरीद व्यवस्था को लेकर डीसी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल।

उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में सोमवार को फसल खरीद व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न खरीद एजेंसियों, मंडी अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने फसल खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मंडियों में फसल की समय पर खरीद सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को उनकी फसल का भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल, छाया और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। यहां अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, डिप्टी सीईओ जिला परिषद कीर्ति सिरोहीवाल, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी अमित शेखावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मौसम को देखते भंडारण के पुख्ता प्रबंध करें

उन्होंने उठान कार्य तेजी से करने की हिदायत देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम को ध्यान में रखते हुए फसल के सुरक्षित भंडारण के पुख्ता प्रबंध किए जाएं ताकि किसानों की उपज को किसी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से मंडियों का दौरा करें और मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लें। किसी भी समस्या की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दी जाए और उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# जिला सचिवालय के समीप ओवरफ्लो सीवरेज से जलभराव, लोग परेशान

- सीवर ओवरफ्लो होने से जिला सचिवालय के समीप सड़क पर भरा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



ककहांसी। शहर में सड़कों की सफाई करते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी

पुराने जीटी रोड स्थित जिला सचिवालय और कोर्ट के सामने कई दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो होने से सड़क पर गंदा और बदबूदार पानी जमा होने से दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जबकि यह क्षेत्र शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक है। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही लगी रहती है। इसके अलावा जिले के सभी उच्च अधिकारियों का सुबह शाम यहां से आवागमन होता है। क्षेत्र के दुकानदारों का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो के कारण ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है। राज स्वीट्स के मालिक ने बताया कि गंदे पानी के कारण पैदल चलकर आने वाले ग्राहकों को दिक्कत होती है। इसके अलावा दोपहिया वाहन चालक कीचड़ में फिसलकर गिर कई बार चुके हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि वे सीवरेज जाम को लेकर कई बार लिखित शिकायत दे चुके हैं लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## प्रताप नगर में अधूरी छोड़ी सड़क का निर्माण कराया

**हिसार।** प्रताप नगर क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर नगर निगम प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम की ओर से तुरंत कार्रवाई की गई और संबंधित एजेंसी को निर्देश देकर सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि प्रताप नगर क्षेत्र में एक एजेंसी द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस दौरान शिकायत मिली कि सड़क को उखाड़कर छोड़ दिया गया है और निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की गई और संबंधित एजेंसी को निर्देश देकर सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। इस सड़क के निर्माण पर लगभग 72 लाख रुपये की लागत आई है। साथ ही, आगामी पांच वर्षों तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित एजेंसी को दी गई है।

## राजकीय महिला कॉलेज का 3 संस्थानों से एमओयू

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से छात्राओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख शिक्षा एवं समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। महाविद्यालय ने आर्यावर्त अकादमी, हिसार, दिव्या मेकओवर्स, हिसार तथा वी-डर्मा ब्यूटी एकेडमी एवं क्लीनिक, हिसार के साथ ये एमओयू किए हैं। ये समझौते राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं उद्योग से जुड़ी कौशल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## उमरा में हॉकी नर्सरी के लिए ट्रायल कल

**हिसार।** हरियाणा सरकार द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उमरा में हॉकी नर्सरी आवंटित की गई है। इस संदर्भ में 8 वर्ष से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों का नर्सरी के लिए चयन किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि ट्रायल 8 अप्रैल को सुबह 11.00 बजे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उमरा के हॉकी मैदान में लिया जाएगा। इस ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को अपने आवश्यक खेल उपकरणों के साथ ट्रायल स्थल पर रिपोर्ट करना होगा।

## उद्घोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान किला बाजार चौकी पुलिस ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भगाना निवासी विजय के रूप में हुई है। एएसआई मुनीष कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी विजय के खिलाफ शहर थाना में 28 मई 2019 को जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। लेकिन आरोपी अदालत में पेशी के दौरान बार-बार अनुपस्थित रहा, जिस पर जेएमआईसी हांसी खुश करण जोत सिंह गिल की अदालत द्वारा उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पुलिस चौकी द्वारा आरोपी विजय को सोमवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## बकरी चोरी मामले में एक और आरोपी पकड़ा

**हांसी।** थाना शहर पुलिस ने बकरी चोरी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोरखी निवासी रोहित के रूप में हुई है। जांच अधिकारी बताया कि एक अक्टूबर को हांसी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई थी एक अक्टूबर की रात करीब पौने 1 बजे चार अज्ञात व्यक्ति एक गाड़ी में सवार होकर उसके मकान पर आए और उन्होंने आते ही उसकी बकरियों को गाड़ी में डाल लिया, लेकिन बकरियों की आवाजें सुनकर उसकी नींद खुल गई और बकरी चोरी होते देख उसने शोर मचाया तो आरोपी अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच दौरान साक्ष्यों के आधार पर कुछ दिन पहले एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका था। तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# नारनौंद के खेतों में 132 केवी की नई लाइन से लाखों रुपये के कडंक्टर चोरी

## किसानों की सूझबूझ से रात के अंधेरे में भागे चोर, मौके पर छोड़े चोरी के लिए लाए औजार

### एचवीपीएनएल के अधिकारियों और पुलिस ने किया मौके का मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

नारनौंद के पास खेतों में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एचवीपीएनएल) द्वारा हाल ही में 132 केवी की नई लाइन बिछाई गई और उसमें करंट छोड़ा जाना था। इसकी का फायदा उठाते हुए शनिवार को चोरों ने लाखों रुपये के कंडक्टर चोरी कर लिए। चोरों ने रविवार की रात को फिर से बिजली लाइन में चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश की और पोल से दो तार (कंडक्टर) काट दिए। इसी बीच खेत में रखवाली करने वाले किसानों को इसकी भनक लग गई। इस पर चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। गनीमत यह रही कि बिजली लाइन में करंट नहीं था, अगर होता तो हजारों एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो जाती। सूचना मिलने पर सोमवार को हरियाणा विद्युत एचवीपीएनएल के अधिकारियों व पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में करीब 35 लाख के कंडक्टर चोरी की बात सामने आई है।





नारनौंद। खेतों में गेहूं की फसल पर गिरे बिजली के तारों को दिखाते किसान व तार काटने के लिए लाया गया सामान।

**शिकायत दी**

चोरी की सूचना मिली थी। इस पर पूरी लाइन का निरीक्षण कर लिया गया है। करीब सात किलोमीटर तार (कंडक्टर) चोरी किया गया है। इसकी कीमत करीब 35 लाख रुपये है। इस मामले में शिकायत पुलिस को दी गई है। नई लाइन में लेबर की कमी के कारण तार टूट रहे हैं। इसको जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा।

**अजय कुमार**, एसडीओ, एचवीपीएनएल।

### काम पूरा होने पर एक बार छोड़ा था करंट

जानकारी के अनुसार नारनौंद-पेटवाड़ के खेतों से बिजली की 132 केवी की नई लाइन बिछाई जा रही हैं। इसका काम पूरा हो चुका था। उसमें करंट भी छोड़ दिया गया था लेकिन करीब तीन महीने पहले पोल के स्प्रिंग से तार टूट कर नीचे जा गिरा था। उस समय खेतों में कोई किसान काम नहीं कर रहा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### बार-बार तार टूटने पर की थी शिकायत

बार-बार पोल से तारें टूटने की घटना से किसान घबरा गए और इसकी शिकायत बिजली निगम और एसडीएम विकास यादव से की और इसकी बड़ी लाइन के बार-बार टूटने के मामले की जांच की मांग की। इसके बाद इस लाइन से करंट बंद कर दिया गया। इसकी भनक चोर गिरोह को लग गई। तो उन्होंने शनिवार की रात को चोरी की घटना को अंजाम देते हुए लाखों रुपये का तार चोरी करके ले गए। उसके बाद रविवार की रात को भी चोर वारदात को अंजाम देने के लिए खेतों में पहुंच गए और बिजली के बड़े पोल पर चढ़कर तार को काट दिया।

### औजार छोड़कर भागे चोर

जब तार नीचे गिरी तो आवाज सुनकर खेत में रखवाली कर रहे किसान ने गांव में अन्य किसानों को सूचना दी। किसान खेतों में आने लग गए तो चोरी करने के आरोपियों को भनक लग गई और वे चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे औजारों को वहीं छोड़ कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। इसकी सूचना पुलिस को दी तो तुरंत ही मौके पर पुलिस पहुंच गई आसपास काफी तलाश की लेकिन कुछ नहीं मिला। सोमवार को एचवीपीएनएल के अधिकारियों की टीम निरीक्षण करने के लिए पहुंची। मौके पर तार काटने के लिए कटर, बड़ा कटर, पानी की बोतल सहित अन्य सामान भी पड़ा हुआ है।

### करंट होता तो सकता था बड़ा हादसा

किसान सोनू, पार्षद सोमबीर, राकेश लोहान, दिनेश पेटवाड़ ने बताया कि शनिवार को हुई चोरी की घटना के बाद सोमवार को बिजली के अधिकारी संज्ञान लेने के लिए पहुंचे हैं। किसानों को खेतों में आते हुए डर लगने लगा है। खेतों में तार टूटकर नीचे गिरे हुए हैं। इस छोटी लाइन में रात को एक बजे बिजली की सप्लाई आनी थी। अगर इस लाइन में करंट होता तो हमारी गेहूं की फसल जलकर राख हो जाती। इसके तार भी टूटकर खेतों में गिर चुके हैं। हम रोज जान हथेली पर रख कर खेतों में काम कर रहे हैं। सरकार में प्रशासन हमारी समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा।

# बीमा लोकपाल अफसर बनकर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य दबोचा

**हिसार।** साइबर थाना पुलिस ने बीमा की पूर्ण राशि दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के छठे सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के शकुरपुर निवासी मोहम्मद नसीरूद्दीन के रूप में हुई है।

मामले के जांच अधिकारी एसआई नरेन्द्र ने बताया कि यह गिरोह खुद को बीमा लोकपाल, हैदराबाद का अधिकारी बताकर लोगों को ठगता था। उन्होंने बताया कि आरोपी नासिरुद्दीन, मुख्य आरोपियों (पिंकी और अमित) के साथ मिलकर नोएडा में एक फर्जी ऑफिस चलाता था। यह गिरोह उन पॉलिसी धारकों को निशाना बनाता था जिनकी बीमा पॉलिसी मैच्योर हो चुकी होती थी या जिन्हें पूरा पैसा नहीं मिला होता था। ये लोग खुद को सरकारी अधिकारी बताकर विश्वास जीतते थे, पॉलिसी की मैच्योरिटी राशि (ब्याज सहित) दिलाने का लालच देते थे, इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस, ऑडिट चार्ज और अतिरिक्त बीमा राशि के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाते थे। जांच अधिकारी के अनुसार इस संबंध में हिसार कैंट निवासी एक सेवानिवृत्त आर्मी सूबेदार ने शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पीड़ित से उनकी 2020 में मैच्योर हुई मैक्स न्यूयार्क लाइफ इंश्योरेंश की पॉलिसी का पूरा पैसा दिलाने के नाम पर करीब 18 लाख 40 हजार रुपये से अधिक की ठगी कर ली। ठगों ने पीड़ित को इतना डराया और झांसा दिया कि उन्होंने अपनी जमा पूंजी के अलावा करीब 13 लाख रुपये का कर्ज (पर्सनल लोन और पड़ोसियों से उधार) लेकर इन जालसाजों को दे दिए थे।

### अब तक 6 गिरफ्तार

जांच अधिकारी ने बताया कि अब तक इस मामले में पुलिस कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार करके कुल 3 लाख 70 हजार रुपये की राशि बरामद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नसीरुद्दीन को पुलिस टीम ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# खाद्य आपूर्ति विभाग ने दुकानों और होटलों पर छापे मारे, 8 सिलेंडर जब्त

- नारनौंद के जींद-हांसी मार्ग पर बनी मिठाई, होटल, पिज्जा, फास्ट फूड की दुकानों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

गैस की किल्लत को लेकर प्रशासन की टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर ने सोमवार को नारनौंद के खांडा मोड़ से पुराने बस स्टैंड तक बने होटल और मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान आठ घरेलू सिलेंडर बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद होटल और फास्ट फूड की दुकानों के मालिकों में हड़कंप मच गया और वह दुकानों को बंद करके मौके से नरारद हो गए।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य आपूर्ति विभाग के इस्पेक्टर अमित कुमार और अनुराग की टीम ने नारनौंद के जींद हांसी सड़क मार्ग पर बनी मिठाई, होटल, पिज्जा, फास्ट फूड की दुकानों पर छापेमारी की। सभी दुकानों की गहनता से छानबीन करते हुए अलग अलग दुकानों से आठ घरेलू सिलेंडर पाए गए। टीम उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिलेंडर जब्त कर लिए और उन्हें चेतावनी दी कि भविष्य में अपनी दुकानों पर घरेलू सिलेंडर का प्रयोग न करे। अगर आगे से कोई भी दुकानदार इनका प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी कमर्शियल सिलेंडर का प्रयोग करें ताकि लोगों को घरेलू सिलेंडर लेने में कोई परेशानी न हो।




नारनौंद। मिठाई की दुकान पर चेकिंग करती टीम। फोटो : हरिभूमि

# हिसार तक हो पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का विस्तार

- रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी ने रेल विभाग को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर 33 पार्ट-1 की बैठक प्रधान धर्मबीर पानू की अध्यक्षता में हुई। इसमें आपसी विचार विमर्श के बाद रेलगाड़ी संख्या 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार करवाने की मांग की गई।

बैठक में सचिव बलविन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सदस्य सुनील कड़वासरा, रामकुमार सांगवान, लक्ष्मीनारायण, बलबीर भुभंक, कोर सिंह नेहरा आदि उपस्थित रहे। बैठक में लिये गये फैसले के बाद रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर को पत्र लिखकर कहा गया कि वर्तमान में उक्त गाड़ी जगन्नाथ पुरी से आनंद विहार टर्मिनल तक संचालित होती है, जहां यह गाड़ी प्रातः 3:50 बजे पहुंचती है तथा अगले दिन रात्रि 22:45 बजे पुनः प्रस्थान करती है। इस प्रकार लगभग 19 घंटे तक गाड़ी वहां रुकती है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए इस गाड़ी का आसानी से हिसार तक विस्तार किया जा सकता है। पत्र में कहा गया है कि यह गाड़ी प्रयागराज, विध्यांचल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, गयाजी, पावापुरी, पारसनाथ भुवनेश्वर एवं जगन्नाथ पुरी जैसे देश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ती है। उक्त गाड़ी हरियाणा के हिसार से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा को जोड़ती है। इसके हिसार तक विस्तार से इस विस्तार से पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस गाड़ी के चलने से लाखों यात्रियों को किफायती एवं सुरक्षित सुविधा प्राप्त होगी।



हिसार। रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर 33 पार्ट-1 की बैठक में मौजूद सदस्य।

# प्रमुखता से उठाईं सेक्टर की मूलभूत समस्याएं

समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए ने निगमायुक्त के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-13 पार्ट-2, 16-17 के पदाधिकारियों की बैठक नगर निगमायुक्त नीरज के साथ उनके कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में सेक्टर की विभिन्न मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। आरडब्ल्यूए की ओर से ग्रीन बेल्ट की टूटी हुई दीवार को जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने, सभी ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कराने तथा खुले पड़े होल पर ढक्कन लगवाने की मांग रखी गई। इस दौरान प्रशासन ने स्वीकार किया कि सेक्टर में विकास कार्य केवल 15 प्रतिशत ही पूरे हुए हैं। इसके अलावा कम्युनिटी सेंटर की पूर्ण मरम्मत, महिला सेल की सक्रियता बढ़ाने, अवैध अतिक्रमण हटाने तथा सभी सड़कों और बर्म की नियमित सफाई सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी को इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने नहर में गंदगी फेंकने की समस्या भी उठाई और इसके लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में प्रधान इंद्र सिंह मलिक, वजीर सिंह सिवाच, कर्नल गोयत, ओमप्रकाश श्योकंद, कुलबीर दूहन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### किसानों के हित सरकार की प्राथमिकता : डॉ. आशा

# उकलाना में 45 हजार क्विंटल गेहूं पहुंचने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ने शुरू करवाई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उकलाना

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि किसानों के हित सरकार की प्राथमिकता है और किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार पूर्णतः गंभीर है। सरकार के निर्देशानुसार मंडियों में समर्थन मूल्य पर सरसों व गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जा रही है। डॉ. आशा खेदड़ मंडी में गेहूं खरीद शुरू करवाने पर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि फसल मंडियों में आने के बाद उसका समय पर उठान और भुगतान सरकार की प्राथमिकता है। मंडियों में किसानों को असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू करने की घोषणा की गई, लेकिन उकलाना मंडी में पिछले पांच दिनों तक सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद शुरू नहीं हो सकी थी। मंडी में लगभग 45 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी थी, जिससे किसानों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मंडी का दौरा करने के दौरान किसानों और व्यापारियों ने अपनी समस्याएं जिला अध्यक्ष के समक्ष रखीं। मार्केट कमेटी सचिव सुमन कासनिया ने बताया कि मंडी में लगभग 45 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है और सोमवार से खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



# कालाबाजारी पर डीसी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**हांसी।** जिला में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर आमजन को आश्वस्त करते हुए उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल तथा एलपीजी गैस सिलेंडरों की किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने बताया कि एलपीजी गैस सिलेंडरों की सप्लाई भी निरंतर जारी है तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा। व्यावसायिक सिलेंडर प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है, जिसके तहत अब उपभोक्ता सीधे गैस एजेंसियों से संपर्क कर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। रेस्टोरेंट, होटल संचालक तथा विवाह-शादी या भंडारे जैसे आयोजनों के लिए आवश्यक गैस सिलेंडर संबंधित गैस एजेंसी में आवेदन कर आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं।



**खबर संक्षेप**

## भाविप विवेकानंद शाखा की नई कार्यकारिणी गठित राजेश जैन अध्यक्ष और सूर्य गोयल बने सचिव

**हिसार।** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की बैठक यहां हुई। बैठक में शाखा की 2026-27 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके तहत राजेश जैन को अध्यक्ष, सूर्य गोयल को सचिव एवं आशीष जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष अमर गोयल, सचिव सीए नरेश बंसल व कोषाध्यक्ष मनीराम बंसल ने विधिवत रूप से नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश जैन को दायित्व सौंपा। अध्यक्ष राजेश जैन ने कार्यकारिणी बैठक में कहा कि सामान्य अस्पताल में शाखा द्वारा संचालित तिरुपति रसोई, जल सेवा, विकलांग भवन में निःशुल्क आंखों के ऑपरेशन व गौ सेवा प्रकल्प के साथ साथ चिकित्सा शिविर सहित अन्य सेवा, संस्कार व पर्यावरण के कार्य को और अधिक गति देने का काम किया जाएगा। राजेश जैन ने कहा कि जल्द ही सदस्यों से विचार विमर्श कर महिला संयोजिका के साथ-साथ सेवा, संस्कार, संपर्क व पर्यावरण गतिविधि संयोजक का दायित्व दिया जाएगा। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष अमर गोयल ने शाखा के कार्यों का ब्यौरा दिया एवं सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार जताया।



राजेश जैन



सूर्य गोयल



आशीष जैन

## भाविप की केशव शाखा ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**हिसार।** भारत विकास परिषद की केशव शाखा द्वारा सेवक सभा अस्पताल के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच व निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। सेवक सभा अस्पताल में लगाए गए इस शिविर में निशुल्क नेत्र जांच के दौरान 12 बुजुर्ग आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित मिले। इन बुजुर्गों की आंखों का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। निशुल्क नेत्र जांच व नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन समाजसेवी वीरभान बंसल व सतीश बंसल के सहयोग से किया गया। शिविर की विधिवत शुरुआत मुख्यातिथि वीरभान बंसल, सतीश बंसल, अभिषेक बंसल, सुमित बंसल, सेवक सभा चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल के सचिव धर्मेंद्र गोयल, प्रशासक गर्ग, ट्रस्टी मुकेश बंसल एवं नेत्र विशेषज्ञा डॉ. नम्रता अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से मां भारती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

## सालासर धाम में श्रद्धालुओं से मारपीट निंदनीय

**हिसार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरेश गोयल धूप वाला ने हाल ही में सालासर धाम में हिसार के श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और आस्था को ठेस पहुंचाने वाली बताया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। सुरेश गोयल ने बताया कि हिसार से एक परिवार सालासर बाला जी के दर्शन के लिए गया था। परिवार अपने बीमार परिजन को दर्शन करवाने के उद्देश्य से लाइव वीडियो क्लिप बना रहा था, जिसे लेकर मंदिर प्रबंधन के कुछ लोगों को आपत्ति हुई। आरोप है कि इसके बाद लगभग 30 बाउंसर्स द्वारा श्रद्धालुओं के साथ काफी देर तक मारपीट की गई, उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। यह घटना अत्यंत दुखद है और धार्मिक पर्यटन की भावना को आघात पहुंचाती है।



## सर्वसम्मति से रविंद्र प्रधान व सोमबीर बने सचिव

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बरवाला ब्लॉक कमेटी का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन नगर पालिका कार्यालय में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल शिकारपुर ने की। सम्मेलन में ब्लॉक कमेटी का चुनाव करवाया गया। सम्मेलन में ब्लॉक कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया, जिसमें रविंद्र पूनिया प्रधान, बिमला देवी वरिष्ठ उपप्रधान, अजय उपप्रधान, सोमबीर शर्मा सचिव व विनोद कोषाध्यक्ष चुने गए।सम्मेलन को नगरपालिका के प्रधान सुनील, सर्व कर्मचारी संघ ब्लांक बरवाला प्रधान अशोक श्योकद, ब्लॉक हिसार के प्रधान दीपक खत्री, सुरेन्द्र भ्याण, रोशन, सुनील, जगसीर व श्रीकांत आदि ने भी संबोधित किया।

## पार्षद डालमिया बने अग्रवाल सेवा समिति के प्रधान

**हिसार।** वार्ड नम्बर 13 के पार्षद संजय डालमिया अग्रवाल सेवा समिति अर्बन एस्टेट-2 के सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए हैं। इस संबंध में अग्रवाल सेवा समिति, अर्बन एस्टेट-2 की वार्षिक बैठक पूर्व में रहे प्रधान जयकुमार बंसल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछले वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा नई कार्यकारिणी के गठन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्श किया गया। पूर्व में रहे प्रधान जयकुमार बंसल ने संजय डालमिया का नाम प्रस्तावित किया जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके अलावा नई कार्यकारिणी में डीएन सिंगला को उपप्रधान, नीरज कुमार बंसल को महासचिव, संजय गर्ग को संयुक्त सचिव, दिनेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा वीरेंद्र गुप्ता को जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया।



## मांगें पूरी न हुईं तो पूरे प्रदेश में होगा आंदोलन : नैन

**बरवाला।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की थर्मल खेदड़ यूनिट ने एमडी एचपीजीसीएल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए सोमवार को लगातार 12वें दिन विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण नैन ने की तथा संचालन प्रदेश उपप्रधान दलजीत पंघाल ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण नैन ने बताया कि एमडी एचपीजीसीएल तुरंत यूनियन की केंद्रीय वार्ता समिति के साथ वार्ता कर कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करें अन्यथा यूनियन पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि एमडी अपने विभाग एचपीजीसीएल की तरफ ध्यान देने की बजाय सरकार के इशारे पर अन्य विभागों को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। प्रदर्शन में यूनियन के उप मुख्य संगठनकर्ता प्रदीप लोरा, राजा साम्धो, उपप्रधान वीरेंद्र गोयत, सहसचिव राकेश बलौदा, पंकज कुमार, सह प्रेस सचिव कर्मवीर कापड़ो, मुख्य संगठनकर्ता राजमिंदर शर्मा, महाबीर सिंह, क्षेत्रीय संगठनकर्ता सुरेश सरसाना, सर्कल सचिव जींद अनिल पूनिया, यूनिट प्रधान नरवाना राजबीर ढिल्लो आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## वूशु चैंपियन युवराज का स्कूल पहुंचने पर स्वागत

**बरवाला।** 10वीं विश्व जूनियर वूशु चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त करके और भारत का गौरव बढ़ाकर स्वदेश लौटे वूशु चैंपियन युवराज का सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी हनुमान पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। प्रिंसिपल डॉ राजकुमार यादव ने बताया कि चैंपियनशिप चीन के प्रमुख बंदरगाह शहर तियानजिन में गत 31 मार्च को सम्पन्न हुई थी। वूशु चैंपियन युवराज ढाणी हनुमान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का छात्र है। प्रिंसिपल डॉ राजकुमार यादव ने बताया कि युवराज अत्यंत प्रतिभाशाली छात्र है और उसमें विश्व चैंपियन बनने का मादा है। और वह इस खेल के सांडा विधा में विश्व स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा और भारत का गौरव बढ़ाएगा। इस अवसर पर पूर्व डीडीओ सतीश शास्त्री, प्रवक्ता विनोद कौशिक, प्रवक्ता कुलदीप, सुखबीर, सुषमा, मधु, कीर्ति, एकता, सुमन, अमित शर्मा, लोकेश, धनराज, विजयलक्ष्मी, सरोज, नीलम, सुशीला, सुदेश यादव, भरत अत्री, वंदना शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नशा सप्लाई करने का आरोपी जेल भेजा

**नारनौंद।** सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक की पहचान मध्य प्रदेश के खीर खेड़ा निवासी रोहित के रूप में हुई हैं। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। सीआईए-1 में तैनात एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि 23 सितंबर 2024 को पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान पिपला पुल, दिल्ली-हिसार हाईवे पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि रोहताश निवासी सिसाय बोलान ट्रक के माध्यम से अवैध नशीला पदार्थ डोडा पोस्त लेकर रोहतक की तरफ से अपने गांव जा रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी थी। ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे शक के आधार पर रुकवाया गया। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम रोहताश निवासी सिसाय बोलान बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर प्लास्टिक के दो कट्टों में अवैध नशीला पदार्थ डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस संबंध में थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित रोहताश को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मामले की जांच शुरू की तो पूछताछ में डोडा सप्लायर के रूप में रोहित निवासी खीरखेड़ा, मध्य प्रदेश का नाम सामने आया। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपित रोहित को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया और उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।